भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3895**

जिसका उत्तर सोमवार, 24 मार्च, 2025/3 चैत्र, 1947 (शक) को दिया गया

## आईपीपीबी को लघु वित्त बैंक का दर्जा देना

3895. श्री अभय कुमार सिन्हा:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (आईपीपीबी) को लघु वित्त बैंक का दर्जा देने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश में आईपीपीबी की कितनी शाखाएं वर्तमान में कार्यरत हैं तथा बिहार में जिलावार ऐसी बैंक शाखाओं की संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार लघु उद्यमों और ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को बढ़ाने के लिए कोई विशेष योजना बना रही है, क्या आईपीपीबी को एसएफबी का दर्जा दिया जाता है;

(ग) क्या सरकार को पता है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने फरवरी, 2025 में आईपीपीबी पर 26.70 लाख का जुर्माना लगाया है और बैंकिंग मानकों और ग्राहक सेवा को बेहतर बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या आईपीपीबी को एसएफबी का दर्जा देकर ग्रामीण और अर्ध-ग्राणीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच को बेहतर करने में मदद मिलेगी; और

(ङ) इस बदलाव से कितने नए ग्राहकों को लाभ मिलने की संभावना है?

**उत्तर**

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

**(क) से (ङ):** बैंकिंग लाइसेंस भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा बैंककारी विनियमन अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों के अनुसार प्रदान किए जाते हैं।

आरबीआई द्वारा लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) के 'ऑन टैप' लाइसेंसिंग के लिए दिनांक 5.12.2019 को जारी दिशानिर्देशों के अनुसार, सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं के स्वामित्व वाली संस्थाएं एसएफबी को बढ़ावा देने या उसमें परिवर्तित होने की पात्र नहीं हैं।

डाक विभाग (डीओपी) ने सूचित किया है कि पूरे देश में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) की 1 शाखा और लगभग 1.64 लाख एक्सेस प्वाइंट हैं। बिहार में एक्सेस प्वाइंटों का जिला-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

इसके अलावा, आरबीआई *ने दिनांक 15.1.2025 के अपने आदेश* के तहत आरबीआई द्वारा 'बैंकों में ग्राहक सेवा' पर जारी कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए आईपीपीबी पर ₹26.70 लाख का आर्थिक दंड लगाया है।

डाक विभाग ने सूचित किया है कि आईपीपीबी द्वारा तकनीकी बग, जिसके कारण जुर्माना लगाए जाने की समस्या उत्पन्न हुई, को दूर करने के लिए पहले ही सुधारात्मक उपाय किए जा चुके हैं।

*****

अनुबंध

**सोमवार, 24 मार्च, 2025 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या †3895 के उत्तर में उल्लिखित**

**बिहार में आईपीपीबी के एक्सेस पॉइंट्स का जिलावार विवरण**

| क्र. सं. | जिला | आईपीपीबी बैंकिंग एक्सेस पॉइंट |
|---|---|---|
| 1 | अररिया | 174 |
| 2 | अरवल | 95 |
| 3 | औरंगाबाद | 306 |
| 4 | बांका | 211 |
| 5 | बेगूसराय | 227 |
| 6 | भागलपुर | 267 |
| 7 | भोजपुर | 306 |
| 8 | बक्सर | 186 |
| 9 | दरभंगा | 359 |
| 10 | गया | 403 |
| 11 | गोपालगंज | 197 |
| 12 | जमुई | 197 |
| 13 | जहानाबाद | 129 |
| 14 | कैमूर | 139 |
| 15 | कटिहार | 180 |
| 16 | खगड़िया | 156 |
| 17 | किशनगंज | 83 |
| 18 | लखीसराय | 97 |
| 19 | मधेपुरा | 204 |
| 20 | मधुबनी | 435 |
| 21 | मुंगेर | 116 |
| 22 | मुजफ्फरपुर | 428 |
| 23 | नालंदा | 348 |
| 24 | नवादा | 198 |
| 25 | पश्चिमी चंपारण | 281 |
| 26 | पटना | 448 |
| 27 | पूर्वी चंपारण | 429 |
| 28 | पूर्णिया | 193 |
| 29 | रोहतास | 324 |
| 30 | सहरसा | 171 |
| 31 | समस्तीपुर | 383 |
| 32 | सरन | 394 |
| 33 | शेखपुरा | 94 |
| 34 | शिवहर | 60 |
| 35 | सीतामढ़ी | 279 |
| 36 | सिवान | 329 |
| 37 | सुपौल | 203 |
| 38 | वैशाली | 302 |
| | **कुल** | **9331** |

*स्रोत: डाक विभाग*

*****